**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Regarding the revoke of Scholarship for Minority students of Prematric stage**

**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे (बीड)**: माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूँ।

भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति रद्द करने का निर्णय सरकार ने लिया है। यह निर्णय किसी भी पूर्व सूचना के अभाव में लिया गया था। इस साल भी हजारों की संख्या में छात्रों से आवेदन प्राप्त किए गए और अचानक इस छात्रवृत्ति को रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

मैं आपके माध्यम से मांग करती हूँ कि इस पर सरकार जरूर पुनर्विचार करे। राइट टू एजुकेशन में एजुकेशन फ्री है, लेकिन जो छात्र स्कूल जाते हैं, उनके लिए यह छात्रवृत्ति की राशि एक प्रोत्साहन के रूप में काम करती है। बाल मजदूरी में आने वाली पीढ़ियों को न ढकेलते हुए उनको शिक्षा के मार्ग पर मार्गस्थ करने के लिए इस पर पुनर्विचार करके इस निर्णय को रद्द किया जाए।

धन्यवाद।